# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# अकबरपुर, अम्बेडकर नगर।

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

## वार्षिक आख्या (इकाई एक)
## सत्रः 2020–21

कार्यालय प्राचार्य
रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अकबरपुर, अम्बेडकरनगर पिन–224122 उत्तर प्रदेश भारत
**Office of Principal**
**Ramabai Government Girls Post Graduate College**
**Akbarpur Ambedkar Nagar Pin-224122 Uttar Pradesh India**
www.rgwpgc.org email: principalrwpgc@gmail.com Phone No. 05271-244197

## राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र : 2020–21

## आलेख

डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा रमाबाई राजकीय महिला पी0जी0 कालेज अकबरपुर अम्बेडकरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों स्वीकृत की गयी हैं। इकाई प्रथम के कार्यक्रमाधिकारी पद पर डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं इकाई द्वितीय के कार्यमाधिकारी पद पर डॉ0 सीमा यादव कार्यरत हैं। प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यगणों के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम के अन्तर्गत इकाई एक व दो की छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में 63 घण्टे एवं चयनित किये गये दोनों ग्रामों अफजलपुर एवं ताजनपुर में क्रमशः 63–63 घण्टे अर्थात् कुल 126 घण्टे कार्य सम्पादित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के विशेष शिविर का आयोजन 18 मार्च, से 24 मार्च, 2021 के मध्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन श्रीमती भूमिका यादव उपजिलाधिकारी, भीटी, अम्बेडकरनगर के कर कमलों द्वारा तथा समापन माननीय प्राचार्य महोदया जी के द्वारा किया गया।

सामान्य कार्यक्रम के दौरान सम्पादित प्रमुख कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत् है –

01. 15 अगस्त, 2020 को स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा श्रमदान, वृक्षारोपण तथा संगोष्ठी का आयेजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने युवा पीढ़ी से राष्ट्रहित में आगे आने का आवाहन करते हुए कहा कि आज की सदी में देश को देशभक्त की ज्यादा जरूरत है आज स्वतंत्रता के लिए नहीं अपितु देश के भीतर क समस्याओं जैसे आतंकवाद एंव भ्रष्टाचार आदि के लिए लड़ना है। संगोष्ठी को डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, श्रीमती विजय लक्ष्मी, डॉ0 नन्दन सिंह, कुँवर संजय भारती, डॉ0 संगीता, डॉ0 सीमा यादव, प्रो0 अरूण कान्त गौतम, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0. सुधा, प्रो0 चन्द्रभान व डॉ0 राजेश कुमार द्वारा भी सम्बोधित किया गया।
02. 05 सितम्बर 2020 को महाविद्यालय परिसर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया तथा अपने विचार प्रस्तुत किये।
03. 24 सितम्बर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव व डॉ0 सीमा यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।
04. 02 अक्टूबर, 2020 को अभिग्रहीत ग्रामों में गाँधी जी की जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा वृक्ष लगाये गये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की

छात्राओं ने रामधुन का पाठ करते हुए मनोहारी सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह व कालेज के अन्य प्रवक्तागण डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज गुप्ता, प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा, कुँवर संजय भारती, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव दोनों कार्यक्रम अधिकारीगण एवं छात्राओं ने वृक्षारोपण एवं श्रमदान किया।

05. 15 अक्टूबर, 2020 " विश्व हाथ धुलाई दिवस" के अवसर पर चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता एंव कोविड–19 के प्रति जानकारी व जागरूकता का प्रशिक्षण दिया। साथ ही ग्रामीणों में साबुन एवं मास्क का वितरण भी छात्राओं द्वारा किया गया।

06. 18 अक्टूबर, 2020 को चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण कर सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की तथा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े हुए ग्रामवासियों को अपनी सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं से ऊपर उठने के कई बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। स्वच्छ भारत अभियान के अर्न्तगत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

07. 31 अक्टूबर, 2020 को एक दिवसीय विशेष शिविर के अर्न्तगत "राष्ट्रीय एकता दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के मध्य निबन्ध व पेन्टिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या जी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को शपथ ग्रहण भी कराई गई।

08. 14 नवम्बर, 2020 को बाल दिवस के अवसर पर बाल विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल स्वास्थ्य से सम्बन्धित तमाम जानकारियों ग्रामवासियों को दी गयी।

09. 19 नवम्बर, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम निबन्ध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामवासियों को राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारे के प्रति जागरूक किया।

10. 28 नवम्बर, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं को प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गयी तथा महाविद्यालय के सभागार में परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण भी मौजूद रहें साथ ही छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पार्को का सौन्दर्यीकरण भी किया गया।

11. 01 दिसम्बर, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत एड्स दिवस के अवसर पर प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में एड्स जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को एड्स के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के सभागार में अपराहन 01:00 बजे एड्स जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 आनन्द कुमार, डॉ0 महेन्द्र यादव, प्रो0 चन्द्रभान, डॉ0 राजेश कुमार आदि प्रवक्तागणों ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

12. 04 दिसम्बर, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा चयनित ग्रामों में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया।

13\. 10 दिसम्बर, 2020 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो द्वारा प्राचार्य की अध्यक्षता में मानवाधिकार दिवस पर रैली एवं भारत में मानवाधिकार संकट विषयक संगोष्ठी का अयोजन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने मानवाधिकार की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। सम्पूर्ण विश्व में हो रहे मानवाधिकारों के हनन पर गहरी चिन्ता व्यक्त की और कहा कि सुरक्षित जीवन जीने के लिए मानवाधिकार आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ0 सीमा यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो0 चन्द्रभान, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, प्रो0 विजय लक्ष्मी यादव, प्रो0 सीता पाण्डेय, डॉ0 महेन्द्र यादव , डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 पूनम, प्रो0 संगीता, प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा आदि प्रवक्तागणों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

14\. 25 दिसम्बर 2020 को "अटल जयन्ती" के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों के दिशानिर्देशन में छात्राओं के मध्य निबन्ध, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने अटलजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

15\. 08 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर महिलाओं के बीच बुनाई, सिलाई, कढ़ाई आदि रोजगारपरक कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया। रोजगारपरक कार्यक्रम कार्यक्रमाधिकारियों के निर्देशन में सकुशल सम्पन्न हुआ।

16\. 12 जनवरी 2021 को एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत युवा सप्ताह पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं नारा लेखन निबन्ध लेखन रंगोली पोस्टर आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तिगत और कृतित्व को रेखांकित करते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव व डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में सम्पन्न इस कार्यक्रम में डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा ने स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का संचालन डॉ0 सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का युवा आने वाले देश का भविष्य हैं इसलिए इसे अपने अधिकारों के प्रति एवं देश के विकास के लिए सजग रहने की आवश्यकता है, ये युवा शक्ति ही इस देश के विकास को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकती हैं। संगोष्ठी में छात्राओं के अलावा प्रो0अरूण कान्त गौतम, डॉ0 पूनम, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 मनोज गुप्ता, डॉ0 नन्दन सिंह आदि प्रवक्तागण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में युवा सप्ताह पर श्रमदान एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया। छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार के रोगों से सम्बन्धित दवाओं का मुफ्त में वितरण किया गया। छात्राओं द्वारा नालियों की सफाई की गयी। छात्राओ ने स्वास्थ्य जागरूकता के अन्तर्गत रोगों के रोक–थाम के उपाय, टीके लगाने व रोगियों के मदद् करने से सम्बन्धित जानकारियों को ग्रामवासियों को बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो0 अरूण कान्त गौतम, प्रो0 राजेश कुमाररु डॉ0 नन्दन सिंह, प्रो0 चन्द्रभान, प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 महेन्द्र यादव आदि लोग मेले में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

17\. 16 जनवरी 2021 को महाविद्यालय परिसर में युवा सप्ताह पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्रओं ने श्रम दान किया एवं इस अवसर पर स्वास्थ्य मेले का भी आयोजन किया गया।

18\. 23 जनवरी, 2021 "सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती" के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

19\. 25 जनवरी, 2021 एक दिवसीय विशेष शिविर के अर्न्तगत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समस्त प्राध्यापकों कर्मचारियों एवं छात्राओं को प्राचार्या जी द्वारा मतदाता शपथ दिलायी। तत्पश्चात् प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं

डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में इकाई एक व दो छात्राओं ने जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाता को लोकतंत्र में शत् प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय के सभागार में अपराहन 02:00 बजे प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में लोकतंत्र सुलभ निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव ने बताया कि "भारतीय लोकतंत्र अपने नागरिकों को जाति, धर्म, वर्ग, समुदाय, लिंग भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना वोट देने का अधिकार देता है अतः सुलभ निर्वाचन हेतु मतदाताओं को जागरूक रहकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और लोकतंत्र की परम्पराओं को बनाए रखने हेतु अन्य लोगों में भी जागरूकता लानी चाहिए इस अवसर पर डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, कुँवर संजय भारती, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 पूनम व अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

20. 26 जनवरी, 2021 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आयोजित संगोष्ठी प्राचार्य जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें राष्ट्र निर्माण में बाधक समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। सभा को कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव व डॉ0 सीमा यादव, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 पूनम, प्रो0 विजय लक्ष्मी यादव आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

21. 05 फरवरी, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्यावरण को स्वच्द बनाये रखने हेतु महाविद्यालय परिसर में कुड़ा प्रबन्धन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्लास्टिक थैलों के प्रयोग से संबंधित जागरूकता अभियान चलाकर निषेद्ध के सम्बन्ध में बताया गया। कूड़े से बिजली बायोगैस संयंत्र शौचालयों के प्रयोग आदि के विषयों पर भी जानकारियॉं दी गयी। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यशाला में छात्राओं के अलावा ग्रामीण लोग भी उपस्थित रहे।

22. 16 फरवरी, 2021 को अभिग्रहित ग्रामों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक, लोकनृत्य, गीत, लोकगीत आदि कार्यक्रम को सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम कार्यक्रमाधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

23. 20 फरवरी, 2021 को चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा ग्रामीणों में मास्क का वितरण किया गया एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। साथ ही ग्रामीणों को कोविड–19 से बचाव के बारे में बताया गया।

24. 05 मार्च, 2021 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इाकई एक व दो की छात्राओं के मध्य सांस्कृतिक एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

25. 08 मार्च, 2021 को अभिग्रहित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया।

26. 09 मार्च, 2021 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना पार्क की सफाई का कार्य सम्पादित किया सफाई के उपरान्त पेड़–पौधों को जल से सींचा तथा गोबर की खाद डाली।

27. 11 मार्च, 2021 को इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में पूर्ण जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामों में विभिन्न प्रकार के प्रेरक नारों का लेखन किया तथा श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# विशेष शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय में संचालित दोनों इकाइयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर (दिवा) दिनांक 18 मार्च, 2021 से 24 मार्च, 2021 के मध्य आयोजित किया गया। इसमें दोनों इकाईयों से 100 छात्राओं ने भाग लिया 18 मार्च, 2021 से 24 मार्च, 2021 के मध्य इकाई–एक की छात्राओं द्वारा ग्राम ताजनपुर में एवं इकाई दो की छात्राओं द्वारा ग्राम अफजलपुर में जन–जागरण, साक्षरता श्रमदान हरियाली एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य लक्ष्यों/कार्यों को सम्पादित किया गया। अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक प्रतिदिन बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

01. 18 मार्च, 2021 को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर (दिन) का उद्घाटन श्रीमती भूमिका यादव उपजिलाधिकारी–भीटी, अम्बेडकरनगर ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि शिविर छात्राओं में सेवा की भावना का विकास करता है, अनुशासन सिखाता है, सेवा व्यक्ति को महान बनाती है और मानव कल्याण की तरफ अग्रसर करती है। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो0 शेफाली सिंह ने की। शिविरार्थी छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, नृत्य, लघु नटिका, गायन आदि प्रस्तुत किया। प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 अरूण कान्त गौतम, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी, कुँवर संजय भारती, प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज गुप्ता, डॉ0 शाहिद परवेज, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 पूनम, डॉ0 संगीता, डॉ0 वालेन्तिना प्रिया व अन्य प्रवक्तागण उपस्थित रहें।

02. 19 मार्च, 2021 राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन आज प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में छात्रओं ने यचनित ग्रामों का सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण कर उपलब्ध शैक्षिक स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की। छात्राओं ने ग्रामवासियों को जनसंख्या वृद्धि तथा प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से होने वाले खतरों के बारे में जानकारी देकर पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाया। महाविद्यालय के सभागार में अपराहन 02:30 बजे राष्ट्र और पर्यावरण तथा भारतीय संस्कृति विषय पर बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य महोदया प्रो0 शेफाली सिंह ने की। संगाष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ0 आर0एन0 यादव पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल, बी0एन0के0बी0 अम्बेडकरनगर ने राष्ट्र और पर्यावरण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण को संरक्षित कर हम राष्ट्र को सुरक्षित कर सकते है। विशिष्ट वक्ता डॉ0 अजीत प्रताप सिंह ने भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 शेफाली सिंह ने कहा कि हमें पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है, राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से यह कार्य पूरे उद्देश्यों के साथ बखूबी किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण मौजूद रहे।

03. 20 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन आज प्रभारी कार्यक्रम डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव

के निर्देशन में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली मतदाताओं को लोकतंत्र में शत् प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए प्रेरित किया तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2021 के तहत् चयनित ग्रामों में जाकर 01 जनवरी, 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चूके नये युवा मतदाताओं के फॉर्म–6 पूर्ण कराये। दूसरे पहर महाविद्यालय के सभागार में अपराहन 02:30 बजे प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में भारतीय लोकतंत्र में मतदाता जागरूकता विष्यक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रो0 चन्द्रभान ने बताया कि जागरूक मतदाता एक तरह से लोकतंत्र की है बिना जागरूक मतदाता के लोकतंत्र का कोई अस्तित्व नहीं है बिना जाने समझे मत का प्रयोग एक तरह से मानसिक गुलामी है कुँवर संजय भारती ने डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इडिण्या विषय पर बात रखते हुए किताबों के चयन एवं पुस्तकालय प्रयोग करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 अरूण कान्त गौतम, डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज गुप्ता, डॉ0 शाहिद परवेज, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 पूनम, डॉ0 संगीता, डॉ0 वालेन्तिना प्रिया व अन्य प्रवक्तागण की उपस्थित रहें।

04. 21 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के शिविर चौथे दिन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव तथा कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में छात्राओं ने चयनित ग्रामों में पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान चलाया तथा वृक्षारोपण किया। अपराहन 02:30 बजे महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्या प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बौद्धिक संगोष्ठी में "योग, शारीरिक क्रियाएं एवं आध्यात्म" विषय पर आयुर्वेद चिकित्सक डॉ0 ज्योति प्रकाश ने विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि योग और आध्यात्मक एक दूसरे के पूरक है क्योंकि आध्यात्मक का पथ प्रर्दशन योग की निरंतर साधना से ही संभव है। योगी व्यक्ति योग साधना द्वारा शरीर, मन और चरित्र की शक्ति का विकास करता है, जिससे वह साहस, ज्ञान, स्थिरता और सादगी प्राप्त करता है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 शेफाली सिंह ने कहा कि योग एवं आध्यात्म जीवन का एक अमूल्य उपहार है। योगाभ्यास करने से हमारे जीवन में भौतिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तरों पर आते ही सभी दुःख दूर होते है। इस अवसर पर डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 अरूण कान्त गौतम, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह आदि मौजूद रहें।

05. 22 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के शिविर चौथे दिन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव तथा कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में छात्राओं ने चयनित ग्रामों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली तथा मतदाता जागरूकता के प्रेरक नारा लेखन का अभियान चलाया। दूसरे पहर महाविद्यालय में 02:30 बजे प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिला सुरक्षा के लिए तथा समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अन्याय को दूर करने के लिए महिला शिक्षा के साथ–साथ उनमें आत्मविश्वास जागृत करना आवश्यक है। नैतिकता के अभाव में महिलाओं पर ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। महिला सुरक्षा के लिए कानून बनाने के साथ–साथ एक नैतिक वातावरण तथा समाज के शिक्षा एवं ज्ञान द्वारा उच्च नैतिक मूल्यों को स्थापित किया जाय। शिविरार्थी छात्राओं अदिति, साक्षी, निलुपमा आदि ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण डॉ0 शाहिद परवेज, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, डॉ0 चन्द्रभान, श्री कुँवर संजय भारती, डॉ0 सुधा, डॉ0 पूनम, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 आनन्द कुमार, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

06. 23 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन शिविरार्थी छात्राओं ने प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में

6

चयनित ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाया साथ ही नालियों में चूने आदि का छिड़काव भी किया। इसी दौरान शिविरार्थी छात्राओं ने महिलाओं को घर पर रहकर आय अर्जित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कोविड–19 महामारी के प्रति भी ग्रामीणों को छात्राओं द्वारा जागरूक किया गया। अपराहन 02:30 बजें बौद्धिक संगोष्ठी मे मुख्य वक्ता डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी ने " नई शिक्षा नीति में साहित्य का सीन" विषय पर बोलते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में समावेशी, नवाचार एवं मूल्यपरक साहित्य पर बल दिया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहें।

07. 24 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने कहा कि शिविर में प्राप्त अनुभवों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को समाज एवं राष्ट्र के निर्माण ने प्रयोग में लाये तभी राष्ट्रीय सेवा योजना की सार्थकता सिद्ध होगी। शिविरार्थी छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, नृत्य, लघु नाटिका, गायन आदि प्रस्तुत किया। कैम्प कमाण्डर अदिति ने शिविर में प्राप्त अनुभवों को अपने सहयोगियों के साथ साझा किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सीमा यादव ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव ने साप्ताहिक जागरूकता का वृत्त चित्र प्रस्तुत कर सहयोग के लिए सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ0 अरूण कान्त गौतम, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, कुँवर संजय भारती, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 अतुल कुमार कनौजिया, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 चन्द्रभान, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 पूनम, डॉ0 संगीता, डॉ0 वालेन्तिना प्रिया, प्रो0 रवीन्द कुमार वर्मा व अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

इस प्रकार उपर्युक्त विवरणानुसार 2020–21 में गठित दोनों इकाईयों राष्ट्रीय सेवा योजना के बहुआयामी उद्देश्यों की पूर्ति में वर्ष पर्यन्त कार्यरत रही। सात दिवसीय विशेष शिविर के सम्सत क्रिया–कलाप सोत्साह रूप सकुशल सम्पन्न हुए। प्राचार्य जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन मंगलमयी शुभकामनाओं के साथ किया।

प्रो0 शेफाली सिंह
प्राचार्य
प्राचार्य
रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

डॉ0 (राजेश कुमार यादव)
प्रभारी / कार्यक्रम अधिकारी
इकाई 1

राष्ट्रीय सेवा योजना

# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

अकबरपुर–अम्बेडकरनगर (उ0प्र0)

सात दिवसीय विशेष शिविर (दिवा) | चयनित ग्राम–ताजनपुर एवं अफजलपुर

वर्ष 2020-21

सम्मान्य महोदय/महोदया,

सादर सूच्य है कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का सात दिवसीय विशेष शिविर (दिवा) दिनांक 18.03.2021 से 24.03.2021 तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि **श्रीमती भूमिका यादव,** उपजिलाधिकारी–भीटी, अम्बेडकरनगर के कर कमलों द्वारा दिनांक 18.03.2021 को पूर्वान्ह 11.30 बजे सम्पन्न होगा। शिविर का समापन प्राचार्य द्वारा दिनांक 24.03.2021 को अपराह्न 01:00 बजे होगा।

उक्त अवसरों पर तथा शिविर के प्रतिदिन की बौद्धिक एवं सामयिक संगोष्ठी में अपनी उपस्थिति से महाविद्यालय परिवार को अनुगृहीत कीजिएगा।

| डॉ0 राजेश कुमार यादव | डॉ0 सीमा यादव | प्रो0 शेफाली सिंह |
| --- | --- | --- |
| प्रभारी/कार्यक्रम अधिकारी<br>रा0से0यो0–इकाई प्रथम | कार्यक्रम अधिकारी<br>रा0से0यो0–इकाई दो | प्राचार्य/संरक्षक<br>रा0से0यो0 |

# रा0 से0 यो0 बौद्धिक संगोष्ठी कार्यक्रम

| दिनांक/दिन | | | कार्यक्रम |
| --- | --- | --- | --- |
| 18.03.2021, | बृहस्पतिवार | : | उद्घाटन |
| 19.03.2021, | शुक्रवार | : | संस्कृति, राष्ट्र और पर्यावरण |
| 20.03.2021, | शनिवार | : | लोकतंत्र : मतदाता जागरूकता एवं युवा |
| 21.03.2021, | रविवार | : | योग, शारीरिक क्रियायें व आध्यात्म |
| 22.03.2021, | सोमवार | : | सशक्त महिला : सशक्त मानवता |
| 23.03.2021, | मंगलवार | : | नई शिक्षा नीति में साहित्य का स्थान |
| 24.03.2021, | बुधवार | : | समापन समारोह |

प्रतिदिन इकाई एक की शिविरार्थी छात्रायें चयनित ग्राम–ताजनपुर में एवं इकाई दो की छात्रायें ग्राम–अफजलपुर में प्रातः 9:00 बजे से 01:30 बजे तक जन–जागरण, स्वच्छता, साक्षरता, मतदाता जागरूकता, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण एवं रा0से0यो0 के अन्य मुख्य लक्ष्यों/कार्यों को सम्पादित करेंगी।

अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक बौद्धिक संगोष्ठी शिविरार्थियों की दैनन्दिनी होगी।

८



विश्व हाथ धुलाई के अवसर पर शिविरार्थी छात्राओं द्वारा ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया





मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मेंहदी प्रतियोगिता में शामिल छात्रायें।



मतदाता जागरूकता अभियान पर पोस्टर बनाती छात्रा।



मतदाता दिवस पर शपथ दिलाती महाविद्यालय की प्राचार्या ।




मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आयोजित
" रंगोली प्रतियोगिता " ।

11



मतदाता जागरूकता दिवस पर आयोजित
मेंहदी प्रतियोगिता।



मतदाता जागरूकता दिवस पर आयोजित
पोस्टर प्रतियोगिता।

12




रा० से० यो० सप्त-दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्जवलन करती मुख्य अतिथि।

मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट करती महाविद्यालय की प्राचार्या।





रा० से० यो० के सप्त-दिवसीय विशेष शिविर में आशीर्वचन देती मुख्य अतिथि।

रा० से० यो० के सप्त-दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह में बोलती प्राचार्या।





रा० से० यो० के सप्त-दिवसीय विशेष शिविर
के उद्घाटन समारोह की झलकियाँ




15



सप्त-दिवसीय विशेष शिविर के दौरान चयनित ग्रामों में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण करती शिविरार्थी छात्रायें।




अपराह्न बौद्धिक संगोष्ठी में बोलते मुख्य वक्ता।




रा० से० यो० सप्त - दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें।






सप्त-दिवसीय विशेष शिविर में प्रशिक्षण देते
आयुर्वेद चिकित्सक डॉ० ज्योति प्रकाश।





अपराह्न बौद्धिक संगोष्ठी में उपस्थित महाविद्यालय के प्रवक्तागण व शिविरार्थी छात्रायें।








पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण करती रा० से० यो० की छात्रायें।

20




चयनित ग्रामों में नारा-लेखन करती
शिविरार्थी छात्रायें।





चयनित ग्रामों में रैली निकालती छात्रायें।



सारक्षता अभियान चलाती छात्रायें।

23



पौधारोपण
करते
कार्यक्रमाधिकारी
व छात्रायें।



राष्ट्रीय सेवा योजना पार्क की सफाई करती छात्रायें।

24




चयनित ग्रामों में सफाई - अभियान चलाती छात्रायें।





चयनित ग्रामों में जाती विद्यार्थी छात्रायें।



अपराह्न बौद्धिक-संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति पर बोलते मुख्य वक्ता।

28



सप्त - दिवसीय विशेष शिविर के समापन
अवसर पर ध्वज - अवरोहण करती
महाविद्यालय की प्राचार्या ।




अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित महाविद्यालय की छात्रायें व प्रवक्तागण ।



31

दिनाँक : 19/11/2020 हिन्दुस्तान

# महिलाएं सुधार सकती हैं जीवन स्तर




अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में बुधवार को मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम और शपथ ग्रहण का समारोह आयोजित हुआ।

महिला सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन विषयक संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने किया। संगोष्ठी में प्रो. शेफाली सिंह ने कहा कि भारत में महिलाएं संपूर्ण आबादी का लगभग 50 प्रतिशत हैं परंतु उन्हें दोयम दर्जे की स्थिति प्राप्त है।

महिलाओं के संदर्भ में केंद्र तथा राज्य सरकार की ओर से चलाई गई तमाम योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य भी लड़कियों तथा महिलाओं को योजनाओं के परिप्रेक्ष्य में जागरूक करना है, जिससे वे इसका लाभ प्राप्त कर सकें। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीता पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना महिलाओं के लिए बहुत ही सार्थक योजना सिद्ध हुई है। उन्होंने योजना का लाभ कब-कब प्राप्त किया जा सकता है और कौन-कौन इसका लाभार्थी हो सकता है के बाबत विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक एवं आचार्य हिन्दी विभाग डा. सुधा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि बालिकाओं को जागरूक करने के साथ-साथ उनकी प्रत्येक समस्या का समाधान करने का प्रयास महाविद्यालय परिवार निरंतर कर रहा है। उन्होंने बताया कि कौमी एकता सप्ताह जो गुरुवार से शुरू होगा वो 25 नवंबर तक मनाया जाता है के संदर्भ में छात्राओं को जानकारी दी। संगोष्ठी में डा. विश्वनाथ द्विवेदी, डा. अजयकांत गौतम, डा. अमित कुमार वर्मा, डा. सौम्या यादव, डा. पूनम, डा. मनोज गुप्ता, डा. मदन सिंह, डा. अखिलेश, संजय भारती, कार्तिकेय मिश्र, डा. पंकज, रवीन्द्र वर्मा, डा. अतुल कनौजिया, आनंद कुमार मौजूद रहीं।

दिनाँक : 21/11/2020 हिन्दुस्तान



रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

# पोस्टर प्रतियोगिता में अंकिता यशी और साक्षी अव्वल रहीं

अम्बेडकरनगर | हिंदु

कौमी एकता सप्ताह के दूसरे दिन भी विभिन्न आयोजन हुए। इसी कड़ी में रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में कौमी एकता पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। कौमी एकता पर आयोजित हुई पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने अपने विचार उकेरा। बाद में कैलरी में पोस्टर की प्रदर्शनी भी लगी।

कौमी एकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को कौमी एकता विषयक पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने गर्मजोशी से प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्रा अंकिता वर्मा ने प्रथम, यशी सैनी ने द्वितीय और साक्षी दूबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने पोस्टरों का अवलोकन किया और छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इसके पूर्व छात्राओं को कौमी एकता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता भी मौजूद रहे।

33

दिनाँक : 24/11/2020 हिन्दुस्तान

# नुक्कड़ नाटक में यशी सैनी ग्रुप को प्रथम स्थान

**अम्बेडकरनगर| हिन्दुस्तान संवाद**

कौमी एकता सप्ताह के तहत रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में प्रतिदिन सौहार्द के आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना और रेंजर्स एवं यूथ रेड क्रॉस सोसायटी ने संयुक्त रूप से नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह के निर्देशन में प्रतियोगिता में छात्राओं ने सौहार्द कायम रखने का संदेश दिया। राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं ने कहा कि अपने विचार को जन जन तक सहजता से पहुंचाने का सशक्त माध्यम नुक्कड़ नाटक होता है। कहा कि नुक्कड़ नाटक समाज में जागरुकता फैलाने का उत्तम माध्यम है। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में यशी सैनी ग्रुप का प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं ममता ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय के डा. अरविंद कुमार वर्मा, डा. सुधा, डा. सीमा यादव, विजय लक्ष्मी यादव, रवीन्द्र कुमार वर्मा, आनन्द कुमार, सीता पाण्डेय, डा. राजेश यादव, डा. महेन्द्र यादव, चन्द्रभान व अन्य मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान लखनऊ • शुक्रवार • 19 मार्च 2021 04

# सेवा भावना का विकास करता है शिविर

**विशेष शिविर**

अंबेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के सात दिनी राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का गुरुवार को शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन एसडीएम भीटी भूमिका यादव ने किया। उन्होंने कहा कि सेवा व्यक्ति को महान बनाता है। इसीलिए शिविर से सेवा की भावना का विकास करता है।

शिविर का उद्घाटन करते हुए एसडीएम भीटी भूमिका यादव ने कहा कि ऐसे शिविर अनुशासन सिखाता है और जीवन को मानव कल्याण की ओर अग्रसर करती है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं से पूरे मनोयोग से शिविर में प्रतिभाग करते हुए राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने की अपील की। उद्घाटन सत्र में अंकिता, खुशी, कीर्ति, अदिति, पूनिमा, मोहिनी, साक्षी, संध्या ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन कार्यक्रमाधिकारी द्वितीय डा. सीमा यादव ने किया। कार्यक्रमाधिकारी प्रथम डा. राजेश यादव ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। बताया कि शिविरार्थी छात्राएं हर सुबह के सत्र में चयनित गांव अकबरपुर एवं राजेसुल्तानपुर में जनजागरूकता अभियान चलाएंगी। दोपहर के सत्र में महाविद्यालय के सभागार में बौद्धिक संगोष्ठी और शाम के सत्र में सांस्कृतिक प्रतियोगिता होगी। डा. अरविन्द कुमार वर्मा, डा. विश्वनाथ द्विवेदी, डा. अखिल पाण्डेय, डा. अरुण कांत गौतम, डा. सुधा, डा. राकेश कुमार, डा. महेन्द्र, सीता पाण्डेय, डा. अजीत प्रताप सिंह, कुमार संजय भारती, डा. विजय प्रकाश सिंह, चन्द्रभान मौजूद रहे।

**शुभारंभ**

- रमाबाई के सात दिनी राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ
- एसडीएम भीटी ने किया उद्घाटन रंगोली रहा आकर्षण का केन्द्र



रमाबाई महिला कॉलेज में एसडीएम भीटी को स्मृति चिह्न भेंट करतीं प्राचार्य

# सप्तदिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन भूमिका यादव उपजिलाधिकारी भीटी ने किया

अमरेश दर्पण समाचार
अम्बेडकर नगर। राष्ट्रीय सेवा



योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन भूमिका यादव उपजिलाधिकारी भीटी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि शिविर छात्राओं में सेवा की भावना का विकास करता है, अनुशासन सिखाता है, सेवा व्यक्ति को महान बनाती है और मानव कल्याण की तरफ अग्रसर करती है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने कहा कि सेवा भाव और नेतृत्व की क्षमता हमें सफलता की तरफ अग्रसर करती है। छात्राएँ पूरे मनोयोग से शिविर पूरा कर राष्ट्र सेवा का संकल्प करें। सास्कृतिक कार्यक्रम में अंकिता, श्रुति, कीर्ति, अदिति, सुनिष्ठा, मोहिनी, साक्षी, संध्या ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सचालन कार्यक्रम अधिकारी डा सीमा यादव ने किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रथम एव द्वितीय इकाई डॉ राजेश यादव एवं डॉ सीमा यादव के संयोजन में शिविर का आयोजन सप्ताह भर किया जायेगा। डा राजेश यादव ने शिविर की रूपरेखा बताते हुए कहा कि छात्राएँ प्रत्येक दिन चयनित गाँव अकबलपुर एव ताजनपुर में जागरुकता अभियान चलाएंगी साथ ही दिन के द्वितीय सत्र मे बौद्धिक संगोष्ठी आयोजित होगी। इस अवसर पर डा अरविन्द कुमार वर्मा, डा विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ शाहिद परवेज, डा अरूण कांत गौतम, डा सुधा, डा राजेश कुमार, डा पूनम, डा नन्दन सिंह, डा संगीता, डा अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डा रवीन्द्र वर्मा, वालेंतिना प्रिया, डा अतुल कनौजिया, डा महेन्द्र यादव, आनन्द कुमार, सीता पाण्डेय, डा अजीत प्रताप सिंह, कुवर सजय भारती, डा विजय प्रकाश सिंह, चन्द्रभान, आदि मौजूद रहे।

47